Attchement-2.3

प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

परियोजना विवरण :— जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत चतुरकोट– कफलटा मोटर मार्ग का नव निर्माण।

आज दिनाँक 18–02–2019 को प्रा0ख0,लो0नि0वि0, चम्पावत के द्वारा जनपद चम्पावत विधान सभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत चतुरकोट से कफलटा बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री हरीश चन्द्र भटट् वनदरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री नीरज कुमार राजस्व निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से कु0 तनुजा देव कनिष्ठ अभियन्ता, श्री कैलाश चन्द्र पन्त अमीन एवं दावेदारों की ओर से श्री प्रकाश राम एवं श्री नारायण सिंह के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/ समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 1450 (मी0) नाप भूमि. से,2000 (मी0) आरक्षित भूमि एवं 2550(मी0) सिविल भूमि इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 1.015है0 नाप भूमि 1.400 है0आरक्षित वन भूमि, 1.785 है0सिविल वन भूमि 0.270 मलवा निस्तारण की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 3.455 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 381 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 1000 (मी0) नाप भूमि से,2450 (मी0) आरक्षित वन भूमि, 2550 मी0 सिविल भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.700 है0 नाप भूमि 1.715 है0आरक्षित वन भूमि, 1.785 है0सिविल वन भूमि 0.270 मलवा निस्तारण की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 3.770 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 472 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है, तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण में प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर कोई प्रजाति के वन नहीं हैं एवं प्रभावित होने वाली सिविल तथा नाप भूमि पर विभिन्न प्रजाति के .वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन 0.4 है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल चतुरकोट का GPS मान N- 29^0 11'' 11.860' E 80^0 9''35.32' है तथा समरेखन का अन्तिम स्थल कफलटा जिसका GPS मान N 29^0 16' 37.02'' E 80^0 09' 56.68'' है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा है/नही है ।
चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन होगा/नही होगा । नहीं होगा।

इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु 6 स्थल सिविल, भूमि में प्रस्तावित की गयी है जिनका GPS मान संलग्न है।

अन्य आवश्यक विवरण :— उपरोक्तानुसार इस मार्ग में पड़ने वाले 3.455 है0 वनभूमि प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित है। वनभूमि प्राप्त होने के पश्चात इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। यह मार्ग सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है

नोट— इस रिपोर्ट पर भूवैज्ञानिक की राय भी प्रस्ताव बनाने से पूर्व में ही प्राप्त कर ली गयी हैं।

उप जिलाधिकारी
सदर
चम्पावत

हस्ताक्षर (प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि	हस्ताक्षर (वन विभाग) प्रतिनिधि	हस्ताक्षर (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि	हस्ताक्षर (अन्य दावेदार) प्रतिनिधि	हस्ताक्षर (जन प्रतिनिधि) प्रतिनिधि
अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० चम्पावत	व.र. कान्स्टेबल	वन क्षेत्राधिकारी चम्पावत वन क्षेत्र	नीरज कुमार राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र...... तहसील चम्पावत	तहसीलदार चम्पावत

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०
चम्पावत

प्रभागीय वनाधिकारी
चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत

जिलाधिकारी
चम्पावत